an>

Title: Need to increase the capacity of All India Institute of Medical Sciences.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): महोदय, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देश का सबसे विश्वसनीय स्वास्थ्य संस्थान है। वहां विशेषकर उत्तर भारत के लोग दवाई आदि के लिए आते हैं। वे काफी प्रयास के बाद दिल्ली पहुंचकर एम्स में इलाज कराने के लिए पर्ची लेकर खड़े होते हैं। लेकिन इस संस्थान की क्षमता इतनी नहीं रह गई है क्योंकि उन्हें ओपीडी में दिखाने के लिए भी दो से चार महीने तक का समय लग रहा है। अगर एमआरआई करानी हो तो उसके लिए दो से चार साल तक का समय दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में गरीब व्यक्ति यहां आने में ही असमर्थ रहता है। अगर किसी तरह पैसे की व्यवस्था करके अपना इलाज कराने के लिए एम्स में आता है तो उसके सामने दोहरा संकट खड़ा हो जाता है। उसे यहां आने के बाद पता लगता है कि उसका नम्बर अभी नहीं आ सकता, तो उस गरीब व्यक्ति को और पीड़ा होती है और उसके सामने मरने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं रह जाता। उसे एम्स में तारीखों के अलावा कुछ नहीं मिल पाता। अत: मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि स्वस्थ भारत की जो परिकल्पना हमारे प्रधान मंत्री जी ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत दी है, उसे पूरा करने के लिए एम्स जैसे संस्थान की क्षमता को तत्काल बढ़ाने की आवश्यकता है।